

नवभारत 05
इंदौर, गुरुवार, 09 अक्टूबर 2025

## अवतरण दिवस पर 48 दीपों से की आराधना



**बड़वानी।** दिगंबर जैन समाज के प्रमुख संत आचार्य शिरोमणि विद्या सागर जी महा मुनिराज, नवाचार्य श्री समय सागर महाराज और सर्वोच्च गणिनी आर्यिका ज्ञानमति जी माताजी के मंगल अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा पर मनाया। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज द्वारा आर्यिका विकुंदन माता जी और संघ के आशीर्वाद से 48 दीपों से भक्तामर आराधना की और पुज्य माताजी और आचार्य समय सागर जी के उत्तम स्वास्थ्य उत्तम रत्नत्रय, दीर्घायु जीवन की कामना की। समाजजनों द्वारा दो घंटे का भक्तामर का पाठ सरलम वाटिका में रखा गया था। आचार्य विद्या सागर जी और आचार्य का जन्म सदलगा कर्नाटक में हुआ था और सर्वोच्च गणिनी आर्यिका ज्ञानमती जी माताजी का जन्म उत्तर प्रदेश के टिकैत नगर में हुआ था। ये तीनों रत्नत्रय के धारी बाल ब्रह्मचारी हैं और जैन धर्म को कई तीर्थों का निर्माण कर तीर्थों का जीर्णोद्धार कराया। साथ ही कई चेतन कृतियों को भी दीक्षा, शिक्षा देकर त्याग के मार्ग पर लगाया। कई शास्त्र भी लिखे गए, जिनका अध्ययन स्वाध्याय कर के श्रावक और श्राविकाओं द्वारा अपने जीवन का उद्धार किया जा रहा है। आचार्य भगवंतों और आर्यिका माता जी द्वारा समाज और जीवों पर कई उपकार किए गए हैं। कार्यक्रम में महिला, पुरुष, बच्चे और युवा उपस्थित थे। उक्त जानकारी समाज अध्यक्ष जिनेन्द्र दोषी व महिला मंडल अध्यक्ष सरला जैन ने दी।

## एकलरा बसाहट होकर आसानी से पहुंच रहे श्रद्धालु



**बड़वानी।** राजघाट के मां नर्मदा जागीरदारपुरा में बनाए नवीन घाट क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने लगी हैं। दो-ढाई माह पूर्व तक सूनसान क्षेत्र नवीन घाट निर्माण के बाद पर्यटन स्थल के रुप में उभरने लगा है। प्रतिदिन लोग धार्मिक, अध्यात्मिक और प्राकृतिक सुकून का आनंद उठाने पहुंच रहे हैं। सरदार सरोवर बांध परियोजना के चलते राजघाट-कुकरा के घाट और मंदिर जलमग्न हो चुके हैं। ऐसे में पुराने फिल्टर प्लांट के समीप तक बैकवाटर पहुंच चुका है। वहां सड़क किनारे व कच्ची जगह पर ही श्रद्धालु पुजन-अर्चन व स्नान कर रहे हैं। मां नर्मदा जागीरदारपुरा क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए अन्य सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। इससे बैकवाटर के उच्च लेवल में लोग यहां मां नर्मदा के पुजन-दर्शन व स्नान का आनंद उठा पा रहे हैं। कृषि मंडी के पीछे कुकरा व एकलरा बसाहट के समीप से होकर आसानी से श्रद्धालु मां नर्मदा जागीरदारपुरा नया घाट तक आवाजाही कर पा रहे हैं। वहीं समिति द्वारा बैकवाटर के बढ़ने से सड़क तक पहुंच रहे पानी को रोकने के लिए गिट्टी, पत्थरों का भराव किया जा रहा हैं। श्रद्धालुओं के लिए यहां शेड लगाने की भी व्यवस्था की जा रही हैं।

## मिडास हॉस्पिटल ने रेज़र ब्लेड निकालकर मरीज की जान बचाई

**इंदौर.** नागपुर, मिडास हॉस्पिटल,नागपूर के सीनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ मुकेवार तथा उनकी विशेषज्ञ टीम ने मिलकर एक मरीज जटिल एंडोस्कोपिक सर्जरी सफलतापूर्वक की. इस सर्जरी में मरीज की अन्ननली (इसोफैगस) में फंसा हुआ रेज़र ब्लेड निकाला गया. मरीज ने यह रेज़र ब्लेड इलाज के लिए आने से लगभग दो हफ्ते पहले निगल लिया था. डॉ. सौरभ मुकेवार ने कहा इस केस में कई जटिल चुनौतियाँ थीं, जिनमें रेज़र ब्लेड से हुई शारीरिक चोट का इलाज करना और मरीज को सही मानसिक स्वास्थ्य उपचार देना शामिल था. हमारी टीम के संयुक्त प्रयासों की वजह से हम रेज़र ब्लेड को सफलतापूर्वक अन्ननली से निकाल सके और मरीज के संपूर्ण स्वास्थ्य की देखभाल भी कर पाए. मरीज ने उपचार का अच्छा असर दिखाया है और अब वह सामान्य रूप से मुँह से खाना खा सकता है. उसे स्थिर हालत में हॉस्पिटलसे छुट्टी दे दी गई है.

## निसान की नई सी-एसयूवी टेक्टॉन का फर्स्ट लुक

**इंदौर.** निसान मोटर इंडिया ने अपनी ग्लोबल एसयूवी लाइनअप के नए सदस्य- ऑल-न्यू निसान टेक्टॉन- का फर्स्ट लुक पेश किया. इस पावरफुल और प्रीमियम सी-सेगमेंट एसयूवी को निसान की वन कार, वन वर्ल्ड रणनीति के तहत भारत और चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए डिजाइन किया गया है. निसान टेक्टॉन के डिजाइन की प्रेरणा कंपनी के लीजेंडरी मॉडल निसान पैट्रोल से ली गईहै, जो वर्षों से अपने दमदार लुक और परफॉर्मेंस के लिए जानी जाती है। यह नई एसयूवी भारत में निसान की विकास यात्रा का नया अध्याय साबित होगी. निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा टेक्टॉन निसान की भारत में प्रगति की कहानी का केंद्र बनने जा रही है. अपनी दमदार मौजूदगी, बोल्ड डिजाइन और प्रीमियम इंटीरियर के साथ यह ग्राहकों के दिलों में जगह बनाएगी. हमें विश्वास है कि यह सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगी. ऑल-न्यू निसान टेक्टॉन की बिक्री की शुरुआत 2026 में होगी.

## फोनपे ने पेश किया नेक्स्ट-जेन स्मार्टस्पीकर

**इंदौर.** फोनपे ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में अपना नेक्स्ट-जेन स्मार्टस्पीकर- फोनपे स्मार्ट पीओडी लॉन्च किया. यह नया हाइब्रिड डिवाइस मर्चेंट और ग्राहकों, दोनों के लिए पेमेंट की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है. भारत में बना स्मार्ट पीओडी, फोनपे का पहला ऐसा प्रोडक्ट है जिसमें स्मार्टस्पीकर और अभी तक उपयोग किए जा रहे पॉइंट ऑफ़ सेल डिवाइस, दोनों की बेहतरीन सुविधाएं मौजूद हैं. साथ ही यह किफायती भी है. फोनपे के मर्चेंट बिजनेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर, युवराज सिंह शेखावत ने कहा, हम ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में स्मार्ट पीओडी के लॉन्च को लेकर बेहद उत्साहित हैं. यह कार्ड पेमेंट स्वीकार करना संभव बनाता है और वो भी बेहद किफायती तरीके से। यह उन छोटे मर्चेंट के लिए एकदम परफेक्ट है जो किफायती तरीके से सभी तरह के डिजिटल पेमेंट लेना चाहते हैं.

## विश्वरत्न सागर की सूरी मंत्र साधना शुरू

**इंदौर.** भगवान महावीर स्वामी द्वारा स्थापित सूरी मंत्र आराधना की परंपरा का निर्वाह करते हुए ब्रह्मलीन नवरत्न सागर की पाट परंपरा के अनुरूप चातुर्मास के लिए पीपली बाजार जैन मंदिर इंदौर में विराजित जैनाचार्य विश्वरत्न सागर म.सा. 16 दिवसीय साधना के पथ पर अग्रसर हो गए हैं. मंगलवार को उनकी साधना का दूसरा दिन था. चातुर्मास आयोजन समिति के संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, मनीष सुराना, दिलसुखराज कटारिया, प्रीतेश ओस्तवाल, दिलीप मंडोवरा, दीपक सुराना ने बताया कि आचार्यश्री इस दौरान प्रतिदिन 100 ग्राम मूंग के साथ आयम्बिल एवं उपवास की तपस्या भी करेंगे।

## टेक्नो लेकर आया गिफ्ट देने का रोमांचक अवसर

**इंदौर.** टेक्नो दिवाली के अवसर पर अपने प्रियजनों को यादगार गिफ्ट देने का रोमांचक अवसर लेकर आया है. गैजेट्स से लेकर व्यक्तिगत सरप्राईज़ तक 20,000 रुपए से कम के ये उपहार जेन ज़ी के लिए उपयुक्त हैं. इस दिवाली टेक्नो त्योहार कैंपेन के अंतर्गत टेक्नो 100 करोड़ रुपये की जबरदस्त डील्स लेकर आया है. 22 सितंबर से 31 अक्टूबर तक टेक्नो स्मार्टफोन खरीदने वाले सभी ग्राहकों को लकी ड्रॉ में प्रवेश करने और शानदार पुरस्कार जीतने का अवसर मिल रहा है. इन पुरस्कारों में 2025 महिंद्रा बीई6, 1 ग्राम और 0.5 ग्राम के गोल्ड वाउचर तथा 3, 6 और 12 महीने की एक्सटेंडेड वॉरंटी और 3 एवं 6 महीने के लिए एक बार स्क्रीन रिप्लेसमेंट प्रोटेक्शन शामिल है. टेक्नो इनोवेशन पर केंद्रित रहते हुए त्योहारों की खुशी बढ़ाने के लिए हर खरीद के साथ बड़ा उपहार जीतने का मौका दे रहा है.

## डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई25 में 35% बढ़ा

**इंदौर.** शहरी भारत में डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई25 में 35% वृद्धि हुई, जिसका नेतृत्व महिलाओं, युवा पेशेवरों और छोटे शहरों के उपभोक्ताओं ने किया है, जो डिजिटल भुगतान के नए तरीकों को अपना रहे हैं.

# छोटी पहल से बड़ी उपलब्धि

### बच्चों द्वारा संकलित सामाग्री से निर्मित बहुउपयोगी पुस्तक ज्ञान सुधा संग्रह का विमोचन



**बड़वानी, ( नवभारत )।** शासकीय उमावि भवती के स्वामी विवेकानंद भवन में सफलता की कहानी सत्र का आयोजन उत्साह और सृजनात्मक वातावरण में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य असलम खान ने विद्यालय पुस्तकालय के उन्नयन में योगदान देने वाले शिक्षकों शफीक शेख, सुशीला मुजाल्दे, प्रमोद कुमार पटेल व विजेंद्रसिंह को बधाई दी।

उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयास से तैयार की गई प्रेरक पुस्तक ज्ञान सुधा संग्रह का विमोचन किया। पुस्तकालय प्रभारी शफीक शेख ने विद्यालय में पुस्तकालय के सक्रिय संचालन की उपलब्धि का उल्लेख कर विस्तार से जानकारी दी।

शिक्षक मनीष जोशी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बूढ़े और हरपाल सिंह की कहानी पांच बातें सुनाई, जिससे बच्चों ने ईमानदारी, संयम और परिश्रम का मूल्य समझा। शिक्षिका श्रद्धा भट्ट ने कौन जीता कहानी सुनाई। महेश मालवीया ने प्यासा कौआ कविता सुनाई। बच्चों ने बहुत ध्यानपूर्वक सुना और तालियों की गड़गड़ाहट से अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। शिक्षक शफीक शेख ने कहा ये प्रेरक कविता एवं कहानियां ज्ञान सुधा संग्रह के आगामी अंक में शामिल की जाएंगी, जिससे आने वाले विद्यार्थी भी इन्हें पढ़कर प्रेरणा ले सके। प्राचार्य ने इस कार्य की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के युग में बच्चे मोबाईल और डिजिटल माध्यमों में अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। यह पठन अभियान विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, भाषा कौशल और सृजनात्मक सोच को निखारने की दिशा में उत्कृष्ट कदम है।

वहीं सहायक आयुक्त ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न होकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम है। यह प्रेरक कार्य विद्यार्थियों को आजीवन सीखने की प्रेरणा देगा। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन कुछ नया पढ़ेंगे, अपनी रुचि की कहानियां व कविताएं खोजेंगे और ज्ञान सुधा संग्रह में जोड़कर दूसरों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

**संयुक्त प्रयास से तैयार**

- संयुक्त प्रयास से तैयार की प्रेरक
- पुस्तक।

## विधायक ने किया निर्माण का भूमि पूजन

**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधानसभा क्षेत्र एवं जनपद पंचायत राजपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम मटली इंदल धाम मंदिर से सीलदार के मकान तक 1 करोड़ 58 लाख की लागत से निर्माण होने वाले डामरीकरण मार्ग का भूमि पूजन विधायक श्याम बर्डे ने ग्रामीणों एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में किया। क्षेत्रवासियों की मांग पर स्वीकृत हुए इस मार्ग के निर्माण होने से ग्रामीण अंचल में सुगम आवागमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे राहगीरों को सुविधा मिलेगी। प्रसिद्ध इंदल धाम मंदिर तक श्रद्धालुओं का आवागमन और अधिक सुगम होगा।

इस अवसर पर विधायक श्याम बर्डे, रेवाराम कुमरावत, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव, मंडल अध्यक्ष रामेश्वर रावत, वरिष्ठ नेता मोहनलाल गोले, योगेश शर्मा, सीताराम दादा,



## ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराई

**पानसेमल, ( नवभारत )।** तहसील के ग्राम दौंडवाड़ा के निकट ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। घटना में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। प्रत्यदर्शियों ने बताया कि स्त्ररषि उपज भरकर जा रहा ट्रेक्टर अचानक सड़क के किनारे ब्रेक फेल होने की संभावना जताई जा रही है। इस कारण अनियंत्रित होकर पुल के नीचे उतर गया और विद्युत पोल से टकरा गया। हादसे के बाद विद्युत पोल तिरछा हो गया था। वहीं मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए थे। अचानक हुए हादसे से एक बड़ा हादसा टल गया।



जानकारी के बाद ग्रामीण पहुंचे और विद्युत कर्मचारियों को सूचना दी और वे वहां पहुंचे। वहीं विद्युत सप्लाई परमिट के कारण बंद होने की भी बात बताई जा रही

**एक नजर में** मुख्य मार्गों से निकली भव्य शोभायात्रा, विधायक हुए शामिल, करणी सेना ने की पुष्पवर्षा

## नगर में धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल, 09 अक्टूबर**

नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्ष उल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। महर्षि वाल्मीकि कोली समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य समाज के मांगलिक भवन में एकत्रित हुए जहां महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का पुजन व माल्यार्पण कर अतिथियों का सत्कार किया। समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने समाज को संगठित रहने तथा समाज की बुराइयों को समाप्त करने की बात कही। समाज के मंगल भवन से बैंड-बाजे के साथ महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा रथ पर सजाकर यात्रा प्रारंभ हुई। जो मुख्य



मार्गों से होकर मंगल भवन पर समाप्त हुई।

आयोजन में शामिल क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शीश नवाया, जिसके बाद वाल्मीकि कोली समाज ने विधायक का स्वागत किया। करणी सेना परिवार द्वारा नगर परिषद के निकट शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान जगह-जगह आतिशबाजी भी हुई। युवक युवतियां गरबे और धार्मिक गीतों पर नृत्य करते हुए भी नजर आए। शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि कोली समाज प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम चौहान, जिला अध्यक्ष मांगीलाल वर्मा, सेंधवा नगर कोली समाज अध्यक्ष अशोक उत्तम थोरात, अध्यक्ष मोतीराम सांवले, कार्यकारी अध्यक्ष संजू सांवले, नगर परिषद पानसेमल अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, नगर परिषद खेतिया अध्यक्ष दशरथ निकुम, नारायण बागुल, सुरेंद्र वर्मा सहित कई ग्रामों से महिलाओं सहित वरिष्ठ शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन अनूप सावले ने किया।

**विधायक का स्वागत**

आयोजन में शामिल क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शीश नवाया, जिसके बाद वाल्मीकि कोली समाज ने विधायक का स्वागत किया।

# रेस्टोरेंट के सिलेंडर में अचानक लगी आग

- कर्मचारी की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला
- फायर ब्रिग्रेड की टीम ने जलते गैस सिलेंडर को बुझा दिया





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सुबह करीब पौने ग्यारह बजे राजबाड़ा क्षेत्र में अचानक तनावपूर्ण माहौल हो गया. यहां स्थित पूर्व महापौर मधुकर वर्मा के रेस्टोरेंट में नाश्ता बनाते समय गैस सिलेंडर की नली फट गई और उसमें अचानक आग लग गई. आग फैलते ही रेस्टोरेंट में मौजूद कर्मचारी ने तुरंत सूझबूझ दिखाई और जलते सिलेंडर को बाहर फेंक दिया.**

सुबह का समय होने से यहां पर भीड़ अभी कम थी, लेकिन आसपास लोग सड़क पर जलता सिलेंडर देख दहशत में आ गए थे. कुछ ही मिनटों में फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ. पान वाले अन्ना भैया ने बताया कि अगर यही घटना दोपहर या शाम को होती, तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी. रेस्टोरेंट के आसपास कई नाश्ते की दुकानें हैं, जो आमतौर पर व्यस्त रहती हैं. फायर ब्रिग्रेड की टीम ने जलते गैस सिलेंडर को बुझा दिया है. पुलिस की टीम ने भी रास्ता शुरु कर दिया. अब यहां पर रोजना की तरह आवाजाही शुरु है.

## एमडी ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

### क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई

**इंदौर.** क्राइम ब्रांच टीम ने शहर में नशे की तस्करी रोकने के दिशा-निर्देशों के तहत संजय सेतु पार्किंग मेन रोड से अवैध मादक पदार्थ एमडी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी के कब्जे से लगभग 21.40 ग्राम एमडी बरामद की जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 2.14 लाख रुपए आंकी गई है.

एडीशनल डीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बतायाकि गिरफ्तार आरोपी फिरोज खान, निवासी खाचरोद, उज्जैन, शहर में नशे के आदी लोगों को सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर महंगे दामों पर बेचने की गतिविधियों में था. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुद स्वीकार किया कि वह नशे का आदी है और इसी उद्देश्य से यह व्यापार करता था. क्राइम ब्रांच की टीम ने यह गिरफ्तारी शहर में संदिग्धों की चेकिंग और गोपनीय सूचना संकलन के क्रम में हुई. संजय सेतु पार्किंग मेन रोड पर मोटरसाइकिल पर बैठे आरोपी को संदिग्ध गतिविधि के चलते रोका, लेकिन आरोपी पुलिस को देख घबरा गया और भागने का प्रयास किया. पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. बरामद मादक पदार्थ का वजन 21.40 ग्राम है और इसे कार्रवाई के तहत पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है और मामले में आगे की जांच जारी है.



फिरोज

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, परिवार घायल

- चार साल की बच्ची गंभीर
- चालक हादसे के बाद मौके से फरार





**इंदौर.** मंगलवार रात शिप्रा क्षेत्र में नए ब्रिज पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. उज्जैन के करचा गांव से इंदौर लौट रहे एक परिवार की बाइक को सामने से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार पति-पत्नी और उनके दो छोटे बच्चे सड़क पर गिर पड़े. चार वर्षीय बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है.

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक को रोक लिया, लेकिन चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर भाग निकला. सूचना पर शिप्रा पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को पुलिस वाहन व 112 एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल पहुंचाया. पुलिस के अनुसार, ट्रक नम्बर एमपी 09 जीएच 3057 ने नए ब्रिज के पास आमने-सामने आ रही बाइक को टक्कर मारी. हादसे में घायल हुए परिवार के सदस्य 38 वर्षीय अंकित पिता गोपाल देवड़ा, 32 वर्षीय रुपाली पति अंकित देवड़ा, 4 वर्षीय हंशिका और 3 साल का गौरांश हैं, गांधी नगर थाना क्षेत्र में रहते हैं. मामले में पुलिस ने ट्रक को जब्त कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है.

## ऑटो में शराब तस्करी करते दो लोग गिरफ्तार

- तीन पेटी अंग्रेजी शराब और बीयर जब्त
- पुलिस की कार्रवाई, 3.50 लाख रुपए का माल बरामद





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तिलक नगर पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से तीन पेटी अंग्रेजी शराब, तीन पेटी बीयर और एक ऑटो जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीब 3 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है.

डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि रिंग रोड स्थित बंगाली चौराहा के पास एक ऑटो में अवैध शराब ले जाई जा रही है. सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और दो संदिग्धों को पकड़ा. पूछताछ में उनकी पहचान मोहम्मद इकबाल मुल्तानी उम्र 65 साल, निवासी कोयला बाखल और राहुल सचदेव 25 साल निवासी अहमदाबाद हाल निवासी धार के रूप में हुई. पुलिस ने उनके कब्जे से एक पेटी ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की, तीन पेटी बडवाइजर बीयर, दो पेटी रॉयल चैलेंजर गोल्ड व्हिस्की और ऑटो नम्बर एमपी 09 आर 3296 को जब्त किया. जांच में सामने आया कि आरोपी अवैध शराब को फुटकर में अधिक दाम पर बेचकर मुनाफा कमाते थे. दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों से शराब की खरीद, सप्लाई और नेटवर्क से जुड़ी जानकारी जुटा रही है.



डीसीपी ने राजवाड़ा क्षेत्र में यातायात और पार्किंग व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**इंदौर.** पुलिस उपायुक्त आनंद कलादगी ने राजवाड़ा क्षेत्र में बेहतर यातायात और पार्किंग व्यवस्था को लेकर देर रात भ्रमण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस दौरान एडिशनल डीसीपी संतोष कौल, एसीपी रेखा परिहार, एसीपी हेमंत, प्रभारी यातायात राधा यादव समेत कई थाना प्रभारी और अधिकारी मौजूद रहे. डीसीपी कलादगी ने विभिन्न पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया और आमजन से अपील की कि वाहन केवल निर्धारित पार्किंग क्षेत्रों में ही खड़े करें. राजवाड़ा क्षेत्र में उपलब्ध पार्किंग स्थल इस तरह है,

**घटना** दिल्ली-इंदौर एक्सप्रेस में सुबह-सुबह मची अफरातफरी

## जंगल के बीच खड़ी रही ट्रेन, कोच में धुआं निकलने से मचा हड़कंप

- चूहों के काटे तारों से हुआ शॉर्ट सर्किट, घबरा गए थे यात्री



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** दिल्ली से इंदौर आ रही डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस में सुबह-सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब कोटा के पास ट्रेन के बी-4 कोच से अचानक धुआं निकलने लगा. आग लगने की आशंका से यात्री घबरा गए और ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई. तुरंत ही ट्रेन को रोका गया और बोगी खाली करवाई गई. करीब 15 मिनट तक ट्रेन जंगल के बीच खड़ी रही.

रेलवे सूत्रों के अनुसार घटना सुबह करीब 5.30 बजे की है. अधिकतर यात्री उस समय सो रहे थे, तभी फायर अलार्म बज उठा और कोच में धुआं भर गया. डर के मारे यात्री नीचे उतरने लगे. कुछ ही देर में रेलवे स्टाफ मौके पर पहुंचा और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला.